प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 13 फरवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज विश्व हिंदू परिषद के श्री प्रिंस आजवानी ने राज भवन में भेंट की तथा गौवंश की रक्षा हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष श्री सुशील उरांव ने राज भवन में भेंट की तथा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुरमाली, कुड़ुख, मुंडारी, संथाली एवं हो भाषा की पढ़ाई हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने प्रश्नगत भवन निम्न स्तर की होने, निर्माण स्थल पर पेयजल हेतु कोई व्यवस्था नहीं होने एवं दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। व्यापक कमियों के बावजूद उक्त भवन विश्वविद्यालय के स्तर से हस्तगत कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदनीनगर (पलामू) के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच हेतु राज्यपाल महोदय से आग्रह किया।

राज्यपाल महोदय ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है। यह समिति दिनांक 17 एवं 18 फरवरी, 2025 को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए उक्त भवन के जल्दबाजी में हस्तगत करने की भी जांच कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।